युवा • शिक्षा • अवसर

पीएससी • शासकीय कॉलेजों में पहली बार होगी कम्प्यूटर साइंस फैकल्टी की नियुक्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा : कम्प्यूटर साइंस के 87 पदों के लिए 22 अक्टूबर से होंगे इंटरव्यू

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2025 के इंटरव्यू का शेड्यूल जारी करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले कम्प्यूटर साइंस विषय के 87 पदों के लिए 22 अक्टूबर से इंटरव्यू होंगे। इन पदों की अंतिम चयन सूची (सिलेक्शन लिस्ट) नवंबर में जारी कर दी जाएगी। प्रदेश के शासकीय कॉलेजों में यह पहला मौका है जब कम्प्यूटर साइंस विषय के नियमित असिस्टेंट प्रोफेसरों की सीधी भर्ती की जा रही है। आयोग द्वारा अन्य विषयों के इंटरव्यू भी नवंबर-दिसंबर से शुरू कर दिए जाएंगे, जबकि सभी 19 विषयों के साक्षात्कार अगले साल अप्रैल तक पूरे करवा लिए जाएंगे।

हालांकि यह वैकेंसी अक्टूबर में सिर्फ कंप्यूटर साइंस विषय के साथ निकाली गई थी। परीक्षा 4 जनवरी को हुई थी। दूसरी तरफ मुख्य वैकेंसी 30 दिसंबर को 19 विषयों के 1239 पदों के लिए अलग से जारी की गई थी। इसकी दो चरणों की परीक्षा हो चुकी है। तीसरे व चौथे चरण की परीक्षा अक्टूबर और नवंबर में होगी। चौथे व अंतिम चरण में कम्प्यूटर साइंस के 29 पद अलग से भी शामिल किए गए हैं।

इसी साल हो सकते हैं पहले चरण की परीक्षा के इंटरव्यू



19 विषयों में से पहले चरण में 6 विषयों के 148 पदों की परीक्षा 12 जुलाई को हो चुकी है। इन रिजल्ट भी आ चुके हैं। इनमें संस्कृत के 34, योगिक साइंस के 3, लॉ के 17, जियोलॉजी के 10, जियोग्राफी के 74 और फिजियोलॉजी के 10 पद हैं। इनके इंटरव्यू इसी साल होने की संभावना है।

19 विषयों के इंटरव्यू अप्रैल तक लिए जाएंगे

401 पदों की परीक्षा होगी तीसरे चरण में

29 नवंबर को होगी चौथे चरण की परीक्षा

4 अक्टूबर को तीसरे चरण की परीक्षा, इसके इंटरव्यू अगले साल

तीसरे चरण की परीक्षा 4 अक्टूबर को होगी। इसमें जो विषय रहेंगे उनमें गणित के 107 पद, केमेस्ट्री के 116, हिस्ट्री के 58 पद रहेंगे। इसके साथ ही फिजिक्स के 120 पद हैं। परीक्षा का रिजल्ट 30 से 45 दिन के भीतर जारी होगा। इंटरव्यू अगले साल फरवरी-मार्च में ही शुरू हो पाएंगे। पीएससी ने 2 अगस्त दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में शामिल विषयों में अर्थशास्त्र विषय का रिजल्ट जारी कर दिया गया है।

राज्य सेवा मेंस-2025 का रिजल्ट इसी माह, नवंबर में इंटरव्यू की तैयारी

एमपी पीएससी इस माह के अंत तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का रिजल्ट घोषित कर देगा। इसके 45 दिन के भीतर इंटरव्यू भी हो जाएंगे। इसी साल चयन सूची भी जारी हो जाएगी। इसमें 158 पद हैं। मुख्य परीक्षा पूरे सवा साल की देरी से पिछले माह हुई थी। इधर, 2026 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा इसी हफ्ते खत्म हुई है। उसका रिजल्ट भी 15 अक्टूबर तक आने की संभावना है। इंटरव्यू दिसंबर में होंगे। चयन सूची भी 31 दिसंबर से पहले आने की संभावना है।

डेढ़ माह में कई बैठकें, 7 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रमोशन

इंदौर | पीएससी ने कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर राज्य शासन के निर्देश के बाद डेढ़ माह के भीतर कई बैठकें की। पीएससी प्रशासन के अनुसार लगभग 13 हजार अधिकारियों के सर्विस रिकॉर्ड का विभाग प्रमुखों के माध्यम से बैठक कर समाधान किया गया। इनमें 7 हजार से ज्यादा अधिकारियों के प्रमोशन को मंजूरी दी गई। पीएससी द्वारा जारी आंकड़ों के तहत यह सिलसिला लगभग हर तीसरे दिन चला। अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा, सदस्य प्रो. नरेंद्र कुमार कोष्टी एवं डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी की मौजूदगी में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकों में ये निर्णय लिए गए।

पीएससी से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग में तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक आयुक्त, जीएडी के 190, नगरीय आवास विभाग में 236, उच्च शिक्षा विभाग के 458, कृषि विभाग के 294 जल संसाधन के 382 प्रमोशन किए गए।

डेली करंट अफेयर्स

24 घंटे की सबसे बड़ी बातें

फाल्के पुरस्कार का ऐलान... नासा ने खोजा चांद पर नया क्रेटर



1. अभिनेता अनंत नाग को 2024 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाएगा। इन्होंने 50 साल के करियर में 250 से ज्यादा फिल्में की हैं। सम्मान 22 सितंबर को गुजरात में 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मिलेगा। यह भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है। शुरुआत 1969 में हुई थी और पहला पुरस्कार अभिनेत्री देविका रानी को मिला था।

2. सरकार ने EPFO में अनिवार्य कवरेज के लिए मासिक सैलरी लिमिट 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दी है। नया नियम 17 सितंबर 2026 से लागू हुआ। 12 साल बाद यह बदलाव किया गया है। इससे 51 लाख से ज्यादा नए कर्मचारियों को EPF, EPS पेंशन और EDLI इंश्योरेंस जैसी सुरक्षा सुविधाएं मिलेंगी।

3. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने EU KIDS एक्ट का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य बच्चों को सोशल मीडिया की लत और ऑनलाइन खतरों से बचाना है। प्रस्ताव में 13 साल से छोटे बच्चों के सोशल मीडिया पर रोक और 13 से 15 साल के बच्चों के लिए माता-पिता की निगरानी में मिनी अकाउंट की व्यवस्था होगी।

• पर्यावरण

4. कूनो नेशनल पार्क की 4 साल की रिपोर्ट के अनुसार भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इनमें 32 भारत में पैदा हुए हैं। कूनो में 49 और गांधी सागर अभयारण्य में 3 चीते हैं। प्रोजेक्ट चीता 17 सितंबर 2022 को शुरू हुआ था। इसके तहत नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना जैसे देशों से चीते लाए गए थे।

• स्पेस

5. नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने चांद पर नया विशाल क्रेटर खोजा। वैज्ञानिक थॉमस मैकगेचिन के नाम पर इसका नाम रखा है। यह 728 फीट चौड़ा और 141 फीट गहरा है। यह करीब दो साल पहले एस्टेरॉयड या धूमकेतु के टकराने से बना। इतने बड़े टकराव औसतन 132 साल में एक बार होते हैं।

6. केंद्र सरकार ने 6 साल से ज्यादा समय बाद सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन का पुनर्गठन किया। नए बोर्ड में 18 सदस्य हैं और प्रसार भारती के पूर्व CEO शशि शेखर वेम्पति अध्यक्ष हैं। इसमें अभिनेता पंकज त्रिपाठी, प्रीति जिंटा, सुनील शेट्टी और संगीतकार रिकी केज भी हैं। बोर्ड का कार्यकाल 3 साल है।

दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक NTA की 14 बड़ी परीक्षाएं

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने दिसंबर 2026 से लेकर मार्च 2027 तक होने वाली परीक्षाओं का संभावित कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन, यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट), कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूइटी) पीजी, सीमैट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT) समेत 14 परीक्षाओं की तारीखें दी गई हैं। ये तारीखें संभावित हैं और इनमें बदलाव हो सकता है।

महीना	परीक्षा	प्रस्तावित तारीख
दिसंबर 2026	राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज	6 दिसंबर
	SWAYAM	8-12 दिसंबर
	राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल	13 दिसंबर
	यूजीसी-नेट (दिसंबर)	14-19 दिसंबर
	CSIR-यूजीसी नेट (दिसंबर)	20-21 दिसंबर
जनवरी 2027	आर्मी कैडेट्स कॉलेज	4 जनवरी
	SHRESHTA (NETS)	10 जनवरी
	NIFT प्रवेश परीक्षा	10 जनवरी
	जेईई मेन सेशन-1	22-30 जनवरी
	सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा	31 जनवरी
फरवरी 2027	कॉमन मैनेजमेंट एड. टेस्ट	7 फरवरी
	NITTT पार्ट-1	26-27 फरवरी
मार्च 2027	सीयूईटी-पीजी	1-25 मार्च
	NITTT पार्ट-2	5 और 7 मार्च

नोट: NITTT: नेशनल इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग टेस्ट

वर्ड ऑफ द डे

फोटोवोल्टिक


• **सूरज** की रोशनी को सीधे बिजली में बदलने वाली तकनीक को फोटोवोल्टिक कहते हैं। इसमें सोलर सेल सूर्य की रोशनी से बिजली बनाते हैं। इसका आधार फोटोवोल्टिक इफेक्ट है, जिसकी खोज 1839 में फ्रांसीसी वैज्ञानिक एडमंड बेकरेल ने की थी। इसी सिद्धांत से आगे चलकर सोलर पैनल विकसित हुए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों ने फोटोवोल्टिक इंडस्ट्री एक्शन प्लान अपनाया। इसमें सोलर तकनीक, उत्पादन, तकनीकी जानकारी और जरूरी कच्चे माल की सप्लाई पर मिलकर काम करने की बात कही गई है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों में सोलर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है।

अवसर • IIT मद्रास में 3 अक्टूबर से आवेदन

IIT मद्रास के AI स्टूडियो में रिसर्च व स्टार्टअप का मौका

एजुकेशन न्यूज | नई दिल्ली

IIT मद्रास की वाधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड एआई ने एआई स्टूडियो शुरू किया है। इसमें AI, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस से जुड़े रिसर्च आइडिया को स्टार्टअप में बदलने का मौका मिलेगा। पहला आवेदन चरण 3 अक्टूबर से शुरू होगा। इसके लिए IIT मद्रास के रिसर्चर, दूसरे संस्थानों के शिक्षक, रिसर्चर व अकादमिक फाउंडर, बाहरी उद्यमी और शुरुआती स्टार्टअप आवेदन कर सकते हैं। इस स्टूडियो में हेल्थ AI, एजुकेशन AI, रिस्पॉन्सिबल AI, भारतीय भाषा AI और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन जैसे पांच क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा।



साल में दो बैच

पहले ट्रेनिंग और बूटकैंप होगा। चयनित टीमों को 6 महीने के मुख्य कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। जरूरत होने पर फंडिंग राउंड के लिए 3 महीने का अतिरिक्त समय मिल सकता है। साल में दो बैच होंगे।

IIT मद्रास इंक्यूबेशन सेल में जाने का मौका

सीड फंडिंग, क्लाउड व कंप्यूटिंग क्रेडिट, IIT मद्रास की लैब व डेटा संसाधनों की सुविधा, फैकल्टी और विशेषज्ञों की मदद, आंत्रेप्रेन्योर-इन-रेजिडेंस का मार्गदर्शन, बिजनेस ट्रेनिंग और फंडिंग जुटाने में सहायता मिलेगी। सफल वेंचर को आगे IIT मद्रास इंक्यूबेशन सेल में शामिल होने का मौका मिलेगा। IIT मद्रास के अनुसार, इसके डीप-टेक इन्क्यूबेशन नेटवर्क से जुड़े स्टार्टअप की संयुक्त वैल्यूएशन करीब 8 अरब डॉलर है।

गूगल डीपमाइंड और एपल जैसे संस्थाओं के विशेषज्ञों से मिलेगा गेस्ट लेक्चर

IIT कानपुर ने पायथन फॉर एआई, मशीन लर्निंग एंड डीप लर्निंग सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू किए हैं। यह 14 दिसंबर से 15 जनवरी तक ऑनलाइन चलेगा। आवेदन में गोल्डन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 4 अक्टूबर है। IIT कानपुर और IIT जोधपुर के प्रोफेसर कोर्स का तकनीकी नेतृत्व करेंगे। गूगल डीपमाइंड, माइक्रोसॉफ्ट और एपल के विशेषज्ञों के गेस्ट लेक्चर भी होंगे। फुल-टाइम यूजी और कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों के लिए फीस 20059 रुपए से 27139 रुपए है।

आवेदन की पात्रता- बीटेक, BE, BSc, BCA, BBA, एमटेक, ME, MSc, MCA, MBA के विद्यार्थी, PhD स्कॉलर, शिक्षक, इंडस्ट्री/ R&D प्रोफेशनल, सरकारी/ PSU अधिकारी और योग्य कक्षा 11वीं-12वीं के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

शुद्धि पत्र

इस समाचार पत्र में दिनांक **17.09.2026** को प्रकाशित की गई वाहन ई - नीलामी सूचना के संदर्भ में वाहन 1. **निसान मैग्नाइट टर्बो MT XV PRE(O)**, की आरक्षित मूल्य **5,40,000/-** त्रुटिवश प्रकाशित हो गई थी जिसके स्थान पर आरक्षित मूल्य **4,59,000/-** पढ़ा जावे। बाकी की सभी जानकरिया यथावत रहेगी।

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, एच.एल.सी -1 विद्यानगर एनेक्स बी.-1, अनंत विहार शाखा, सावरकर स्कूल के पास विजय नगर इन्दौर (म.प्र.)

संशोधन

दिनांक **11.09.2026** को दैनिक भास्कर में **यूको बैंक, आंचलिक कार्यालय, इन्दौर** द्वारा आधिपत्य हेतु सूचना पत्र अचल संपत्तियों के लिए नियम 8(1) नामक शीर्षक से विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त नोटिस के अनुसार संयोगितागंज शाखा, इन्दौर के क्रं. 1 के ऋणी मेसर्स जेएसएन इंजीनियर्स, प्रोप्राईटर श्रीमती गरिमा करनावत के संपत्ति के विवरण में संपत्ति क्रं. 3 में फ्लेट क्रं. 601 (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 1550 वर्गमीटर) और 608 (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 1550 वर्ग मीटर) और मालिक श्रीमती गरिमा करनावत पति श्री विक्रांत करनावत एवं श्री विक्रांत करनावत पिता श्री नरेंद्र कुशल चंद करनावत) एवं क्रं. 2 के ऋणी श्रीमती गरिमा करनावत एवं श्री विक्रांत करनावत के संपत्ति के विवरण में मालिक श्रीमती गरिमा करनावत पति श्री विक्रांत करनावत एवं श्री विक्रांत करनावत पिता श्री नरेंद्र कुशल चंद करनावत) जुटीवश गलत प्रकाशित हो गया है। अत: अब इसे क्रमश: **फ्लेट क्रं. 601 (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 1550 वर्गफीट) 608 (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 1550 वर्गफीट)** एवं मालिक श्रीमती गरिमा करनावत पति श्री विक्रांत करनावत एवं क्रं. 2 के मालिक श्रीमती गरिमा करनावत पति श्री विक्रांत करनावत पढ़ा जावें। विज्ञापन में दी गई अन्य जानकारी यथावत रहेगी।

प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

एआरएमबी इंदौर : 20 स्नेह नगर, सपना संगीता रोड़, इन्दौर (म.प्र.), मो. 98351 92571 एवं ई-मेल : cs6885@pnb.co.in

अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना।

आम लोगों को सामान्यत: और ऋण लेने वाले ऋणीयों और जमानतदारों / बंधककर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक / प्रभारित की गई निम्न वर्णित अचल संपत्तियों, जिनका रचनात्मक / भौतिक / प्रतिकात्मक कब्जा निम्न विवरण के अनुसार बैंक / सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, का विक्रय ऋणीयों और जमानतदारों / बंधककर्ता से बैंक / सुरक्षित लेनदार द्वारा निम्न बकाया राशि की वसूली के लिये **जहां हैं, जैसा है, जो भी है, जो कुछ भी है के आधार** पर नीचे तालिका में दी गई उल्लेखित दिनांक को किया जायेगा । प्रत्येक संपत्ति का आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, वृद्धि राशि तथा अन्य विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/जमानतदार/ खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के गिरवीकर्ता)	A) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि B) 13(2) नोटिस बकाया राशि दिनांक तक C) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि D) कब्जे की प्रकृति प्रतिकात्मक/ भौतिक/सकारात्मक	A) आरक्षित मूल्य B) ईएमडी C) बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की दिनांक/ समय	संपत्ति लोकेशन QR कोड
1.	**मेसर्स ओम एग्रीटेक (प्रोपराइटर: श्री ललित शिंदे पिता श्री राम चंद्र शिंदे)** शाखा : जवाहर मार्ग, इन्दौर खाता संख्या: 1936008700001816	डायवर्टेड भूमि सर्वे नंबर 108/3/3, ग्राम चितावद, तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.) पर स्थित आवासीय प्लॉट की अचल संपत्ति का साम्यिक बंधक, जिसका **क्षेत्रफल** 2030.94 वर्ग मीटर है ('टी एंड सी लेटर के अनुसार एवं प्लांट क्षेत्रफल = 2962.00 वर्ग मीटर मूल्यांकनकर्ता गौरव नागदे के दिनांक 21.01.2026 के मूल्यांकन के अनुसार वास्तविक माप के आधार पर चौड़ी सड़क का क्षेत्र घटाने के बाद शुद्ध भूमि क्षेत्रफल 2030.94 वर्ग मीटर है)। **चतुर्सीमाएं इस प्रकार हैं:-** उत्तर-पूर्व- सड़क, दक्षिण-पश्चिम- नाला, उत्तर-पश्चिम- सर्वे नंबर 108 की भूमि, दक्षिण-पूर्व- सड़क, **संपत्ति मालिक:-** श्री प्रकाश हार्डिया पिता स्व. श्री कन्हैया लाल हार्डिया (मृत्यु दिनांक: 18.06.2024), श्रीमती शकुंतला बाई पति स्व. श्री कन्हैया लाल हार्डिया, श्री पुरुषोत्तम हार्डिया पिता स्व. श्री कन्हैया लाल हार्डिया, श्री नवीन हार्डिया पिता स्व. श्री कन्हैया लाल हार्डिया (मृत्यु दिनांक: 21.12.2018). **संपत्ति आईडी:-** PUNB82010022365	A) 22/09/2025 B) 2,04,51,889.83/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 06/12/2025 D) सांकेतिक आधिपत्य	7,47,00,000.00 / 74,70,000.00 / 1,00,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
2.	**मैसर्स प्रभु कृपा लॉजिस्टिक्स (पार्टनरशीप फर्म)** पार्टनर : **श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता श्री प्रभु लाल पंवार** जमानतदार : श्री प्रभु लाल पंवार, पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता प्रभुलाल पंवार शाखा: स्कीम नंबर 134, इंदौर (218010) खाता सं.: **218010IF00000058**	**संपत्ति 1:** साम्यिक बंधक के अंतर्गत सर्वे नंबर 102/2 क्षेत्रफल 0.286 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 101/2 क्षेत्रफल 1.994 हेक्टेयर में से 0.486 हेक्टेयर क्षेत्रफल, इस प्रकार कुल माप का क्षेत्रफल 0.772 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, जो ग्राम माचलपुर बुजुर्ग, पटवारी हल्का नंबर 69, तह. महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) पिन - 451255 में स्थित है, **सर्वे नंबर 102/2 की चतुर्सीमा (बिक्री विलेख के अनुसार) :** पूर्व में सर्वे नंबर 102/3 एवं 101/2 की भूमि, पश्चिम में सर्वे नंबर 102/1 की भूमि, उत्तर में सड़क एवं दक्षिण में सर्वे नंबर 101/2 की भूमि, **सर्वे नंबर 101/2 की चतुर्सीमा (बिक्री विलेख के अनुसार) :** पूर्व में सर्वे नंबर 101/3 की भूमि, पश्चिम में सर्वे नंबर 101/1 की भूमि, उत्तर में सर्वे नं.102/2 की भूमि और दक्षिण में सर्वे नंबर 101/2 की भूमि है, **संपत्ति मालिक :** श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार एवं श्री गगन पंवार पिता श्री प्रभु लाल पंवार। **संपत्ति आईडी:-** PUNB68855858	A) 08.10.2025 B) 96,92,639.46 + ब्याज + अन्य खर्चे C) 19.05.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	2,68,00,000.00 / 26,80,000.00 / 1,00,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
3.		**संपत्ति 2:** प्लॉट नं. 19, सर्वे नंबर 197/2 क्षेत्रफल 0.356 हेक्टेयर एवं सर्वे नं. 221/3 क्षेत्रफल 1.317 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 1.673 हेक्टेयर में से 25x50= 1250 वर्ग फीट क्षेत्रफल पर स्थित संपत्ति, जो पंचवटी परिसर, शुजालपुर मंडी लैंड, ग्राम कमलिया, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) पिन- 465333 में स्थित है, **चतुर्सीमा** : पूर्व में सड़क, पश्चिम में प्लॉट नंबर 22, उत्तर में प्लॉट नंबर 20 एवं दक्षिण में 30 फीट चौड़ी सड़क, **संपत्ति मालिक** : श्री प्रभु लाल पंवार पिता लालजी राम पंवार, **संपत्ति आईडी:-** PUNB68850058	A) 08.10.2025 B) 96,92,639.46 + ब्याज + अन्य खर्चे C) 18.05.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	43,70,000.00 / 4,37,000.00 / 50,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
4.	**मैसर्स श्री दादाजी ऑईल मिल्स एंड इंडस्ट्रीज (प्रोप्रा.: श्री मनीष बलवानी, पिता श्री अशोक बलवानी)** जमानतदार: 1. श्री मनीष बलवानी पिता श्री अशोक बलवानी 2. श्री राजेश बलवानी पिता श्री घनश्याम दास बलवानी 3. श्री रोहित बलवानी पिता श्री नानकराम बलवानी शाखा: खंडवा खाता संख्या: 0264008700009035 & 026400IN00000036	कमर्शियल संपत्ति (दुकान), भूतल पर स्थित, 'कत्तन गंज', वार्ड कमांक 21 (नया वार्ड 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी' वार्ड कमांक 23), नज़ूल ब्लॉक कमांक 17, प्लॉट कमांक 31/2, खंडवा (मध्य प्रदेश) कुल क्षेत्रफल: 195 वर्ग फुट, **चतुःसीमाएँ (विक्रय विलेख के अनुसार):** पूर्वः सार्वजनिक मार्ग, पश्चिमः श्री राजेश गुलाटी का गोदाम, दक्षिणः श्री श्यामसुंदर विशवानी की दुकान, उत्तरः श्री रोहित बलवानी पिता श्री नानकराम बलवानी, **संपत्ति स्वामी: श्री रोहित बलवानी पिता श्री नानकराम बलवानी, संपत्ति आईडी:-** PUNB688590353	A) 29/12/2025 B) 4,86,48,227.26/- ब्याज + अन्य खर्चे C) 24.03.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	37,74,000.00 / 3,77,400.00 / 50,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
5.		कमर्शियल संपत्ति (दुकान), भूतल पर स्थित, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड कमांक 23, कत्तन गंज, नज़ूल ब्लॉक कमांक 17, प्लॉट कमांक 31/2, खंडवा (मध्य प्रदेश) कुल क्षेत्रफल: 195 वर्ग फुट **चतुःसीमाएँ (विक्रय विलेख के अनुसार):** पूर्वः सार्वजनिक मार्ग, पश्चिमः श्री प्रकाश नरेडी का गोदाम, उत्तरः श्री अशोक नवानी की दुकान, दक्षिणः श्री अमित दुलानी की दुकान, **संपत्ति स्वामी: श्री रोहित बलवानी, पिता – श्री नानकराम बलवानी** **संपत्ति आईडी:-** PUNB688590354		36,86,000/- / 3,68,600/- / 50,000/-	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
6.	**श्री कृतज्ञ शर्मा पिता कैलाश शर्मा** शाखा: सियागंज (021300) खाता संख्या: 021300NC00001916, 021300NC00001907, 021300NC00001925	1. आवासीय कॉलोनी 'दिव्य विहार' के प्लॉट नंबर एमआर 10 पर निर्मित बहुमंजिला भवन 'माउंटेन व्यू' की दूसरी मंजिल पर **फ्लेट नं. 204**, प.ह.न. 51 ग्राम जख्या, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, म. प्र., जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 610 वर्ग फुट यानी 56.69 वर्ग मीटर, **चतुर्सीमा :** पूर्व : खुला रास्ता, पश्चिम: बिल्डिंग का खुला भाग, उत्तर: फ्लेट नं. 205, दक्षिण: फ्लेट नं. 203. **संपत्ति आईडी:-** PUNB68851916	A) 19.12.2025 B) 56,44,120.26/- ब्याज + अन्य खर्चे C) 18.04.2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	14,28,000.00 / 1,42,800.00 / 50,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
7.		2. आवासीय कॉलोनी 'दिव्य विहार' के प्लॉट नंबर एमआर 10 पर निर्मित बहुमंजिला भवन 'माउंटेन व्यू' की पांचवी मंजिल पर **फ्लेट नं. 504**, प.ह.न. 51 ग्राम जख्या, तह. सांवेर, जिला इंदौर, म.प्र. में स्थित है, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 610 वर्ग फुट यानी 56.69 वर्ग मीटर, **चतुर्सीमा :** पूर्व : खुला रास्ता, पश्चिम: बिल्डिंग का खुला भाग, उत्तर: फ्लेट नं. 505, दक्षिण: फ्लेट नं. 503. **संपत्ति आईडी:-** PUNB68851907		14,28,000.00 / 1,42,800.00 / 50,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
8.		3. आवासीय कॉलोनी 'दिव्य विहार' के प्लॉट नंबर एमआर 10 पर निर्मित बहुमंजिला भवन 'माउंटेन व्यू' की दूसरी मंजिल पर **फ्लेट नं. 208**, प.ह.न. 51 ग्राम जख्या, तह सांवेर, जिला इंदौर, म. प्र. में स्थित है, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 610 वर्ग फुट यानी 56.69 वर्ग मीटर, **चतुर्सीमा :** पूर्व : खुला रास्ता, पश्चिम: बिल्डिंग का खुला भाग, उत्तर: भवन का खुला भाग, दक्षिण: फ्लेट नं. 207. **संपत्ति आईडी:-** PUNB68851925		14,28,000.00 / 1,42,800.00 / 50,000.00	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
9.	**गोखले इंडस्ट्रीज (प्रोपराइटर: राहुल गोखले पिता रतनलाल गोखले)** शाखा: इंदिरा कॉम्प्लेक्स, इन्दौर (323800) खाता संख्या: 3238008700001767 & 323800CN00000021	1. ग्राम पिगडम्बर, पटवारी हल्का नंबर 1, तहसील मह, जिला इंदौर में स्थित रेडवुड पार्क के प्लॉट नंबर 338 पर स्थित अचल संपत्ति का संपूर्ण भाग। **क्षेत्रफल-** 697 वर्ग फुट। **चतुर्सीमाएं इस प्रकार हैं:** पूर्व- कॉलोनी की सड़क, पश्चिम- कॉलोनी की बाउंड्री वॉल, उत्तर- प्लॉट नंबर 337, दक्षिण- प्लॉट नंबर 339. **संपत्ति मालिक:-** श्री राहुल गोखले पिता श्री रतनलाल गोखले, **संपत्ति आईडी:-** PUNB82010022363	A) 01/09/2025 B) 55,27,762.27/- + ब्याज + अन्य खर्चे C) 20/01/2026 D) सांकेतिक आधिपत्य	29,00,000/- / 2,90,000/- / 50,000/-	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	
		2. बैंक फायनेंस से खरीदी गई **प्लांट एवं मशीनरी** जो कि गोदाम नंबर 1, सर्वे नंबर 1177, ग्राम पिवड़ाय देवगुराड़िया, इंदौर में स्थित है। (नोट: जीएसटी का वहन खरीदार द्वारा किया जाएगा जो कि नीलामी मूल्य के ऊपर और अतिरिक्त होगा) **संपत्ति आईडी:-** PUNB82010022364		12,60,000/- / 1,26,000/- / 50,000/-	06.10.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)	

नियम एवं शर्तें: बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी :

1. संपत्तियां **"जहां है, जैसी है" और "जो भी है, जैसी है"** के आधार पर बेची जा रही हैं।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnbindia.in** देखें।
5. सुरक्षित ऋणदाताओं को ज्ञात भारों का विवरण **पंजाब नैशनल बैंक.**
6. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
7. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **05.10.2026, रात्रि 11.59 बजे तक**

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के अधीन सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांक : 18.09.2026
स्थान : इन्दौर

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)